# जम्मू से मुंबई तक आफत की बारिश

## हाई अलर्ट : 65 की मौत 200 से ज्यादा लापता, स्कूल बंद, वैष्णों देवी की यात्रा रोकी

- जम्मू-कश्मीर में सेना-एनडीआरएफ राहत में जुटी
- ट्रेनों की रफ्तार थमी, देरी से चल रही हैं



**नईदिल्ली/मुंबई, 18 अगस्त. देश के दो छोर जम्मू-कश्मीर और मुंबई इस समय कुदरत की भीषण मार झेल रहे हैं. एक तरफ बादल फटने और लैंडस्लाइड ने जम्मू-कश्मीर को हिला दिया है, तो दूसरी ओर लगातार हो रही बारिश ने मुंबई को जलसमंदर में बदल दिया है. जान भी खतरे में है और जनजीवन अस्त-व्यस्त.**

जम्मू-कश्मीर में मौसम का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा. 11 जिलों में अलर्ट जारी है, स्कूल बंद कर दिए गए हैं और वैष्णो देवी यात्रा रोक दी है. किश्तवाड़ और कठुआ जैसे पहाड़ी इलाकों में बादल फटने से अब तक 65 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 200 से अधिक अब भी लापता हैं. सेना, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ राहत कार्य में जुटे हुए हैं. उधर, मुंबई में हो रही लगातार भारी बारिश ने जनजीवन ठप कर दिया है.

> मौसम विभाग ने मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया. नागरिकों से घरों में रहने की अपील की है. हिमाचल प्रदेश में बीते 24 घंटे के दौरान भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. बीते 24 घंटों के दौरान राज्य में 71 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं. कुल्लू जिले में कई इलाकों में नालों में बाढ़ से नुकसान हुआ है. कई इलाकों में नालों में बाढ़ से फसलें और भूमि क्षतिग्रस्त हुई हैं. पिरडी में गाड़ी बह गईं जबकि भुंतर बाजार में पानी घुस आया.

# परीक्षा नहीं तो वोट नहीं पर लाठीचार्ज

**डाकबंगला पर प्रदर्शनकारियों पर चला डंडा**

**एसटीईटी की मांग पर पटना में हंगामा**



**पटना, 18 अगस्त. बिहार की राजधानी पटना में सोमवार को एसटीईटी अभ्यर्थियों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा. शिक्षक भर्ती परीक्षा से पहले एसटीईटी आयोजित करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास तक मार्च कर रहे अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया.**

'परीक्षा नहीं तो वोट नहीं' का नारा लगाते युवाओं को पुलिस ने डाकबंगला चौराहे पर रोका. बिहार में शिक्षक पात्रता परीक्षा एसटीईटी को लेकर युवाओं का सब्र टूट गया. सोमवार को पटना कॉलेज से सीएम हाउस तक पैदल मार्च निकाल रहे सैकड़ों अभ्यर्थियों पर उस समय लाठीचार्ज कर दिया गया, जब वे डाकबंगला चौराहे पर बैरिकेडिंग पार करने की कोशिश करने लगे. अभ्यर्थियों की मांग थी कि शिक्षक भर्ती से पहले स्ञ्चश्वञ्ज अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए, ताकि योग्य उम्मीदवारों को न्याय मिल सके. परीक्षा नहीं तो वोट नहीं और नौकरी दो या सरकार छोड़ो जैसे नारे लगाते हुए छात्र सरकार के खिलाफ मुखर हो गए. लेकिन जब स्थिति नियंत्रण से बाहर हुई, तो पुलिस ने बल प्रयोग किया, जिसमें एक अभ्यर्थी बेहोश हो गया और कई छात्र नेताओं को हिरासत में ले लिया गया.

## ममता सरकार श्रमिकों को देगी 5000 महीना

**कोलकाता, 18 अगस्त.** सीएम ममता बनर्जी ने बंगाली भाषी प्रवासी मजदूरों के लिए बड़ी राहत योजना का एलान किया है. उन्होंने दावा किया कि भाजपा शासित राज्यों में इन मजदूरों पर योजनाबद्ध तरीके से हमले हो रहे हैं. ममता ने कहा कि रोजगार मिलने तक बंगाल सरकार हर प्रवासी को 5000 मासिक सहायता देगी. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रवासी श्रमिकों के लिए एक बड़ी राहत योजना की घोषणा की है. उन्होंने कहा कि जो प्रवासी मजदूर अन्य राज्यों से लौटे हैं या जिनकी नौकरी छूट गई है, उन्हें रोजगार मिलने तक या अधिकतम एक साल तक 5000 प्रति माह सहायता राशि दी जाएगी.

# सबके जीवन में खुशहाली सरकार का संकल्प

**सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं**

> जनता दर्शन में एक महिला ने दबंग द्वारा जमीन कब्जा किए जाने की शिकायत की. इस पर मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जा की शिकायत पर त्वरित एक्शन लिया जाए. गरीब की जमीन कब्जामुक्त होनी चाहिए. यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए. मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में हर बार की तरह कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे. योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी. मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए.



**गोरखपुर, 18 अगस्त. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान कई जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं.**

मौके पर मौजूद अधिकारियों को इन समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सबके जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है. किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा. जनता दर्शन में योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी गरीब की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए. जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं. उनके खिलाफ कानून सम्मत कड़ा एक्शन लिया जाए. सोमवार सुबह जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर किया गया था. यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं. इस दौरान विभिन्न जिलों से आए करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी.

# चुनाव आयोग को लेकर संसद में हंगामा नहीं होना चाहिए : रिजिजू



**नई दिल्ली, 18 अगस्त. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को कहा कि सरकार चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की प्रवक्ता नहीं है इसलिए विपक्ष को उसे मुद्दा बनाकर संसद में हंगामा नहीं करना चाहिए.**

उन्होंने सुबह एक बयान में कहा चुनाव आयोग और कांग्रेस के बीच जो बात है उसका जवाब आयोग ही दे सकता है. आयोग से जो पूछा गया है उसके बारे में आयोग ही बता सकता है. संसद में हंगामा करने से कुछ नहीं होगा. हम चुनाव आयोग के प्रवक्ता नहीं है, वह एक संवैधानिक संस्था है उसका जवाब हम नहीं दे सकते. उन्होंने कैप्टन सौरभ शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा की सफलता पर आज संसद के एजेंडा में विशेष चर्चा का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी दलों को अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की सफलताओं के लिए इस महत्वपूर्ण चर्चा में भाग लेना चाहिए. विपक्ष को दलगत राजनीति से उठकर हमारे अंतरिक्ष यात्रियों ,वैज्ञानिकों और इसरो के कार्यक्रम में शामिल लोगों की सराहना के लिए चर्चा में शामिल होना चाहिए.

# स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

- छात्र व अभिभावक दहशत में, जांच एजेंसियां मौन

**नई दिल्ली, 18 अगस्त. राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सोमवार को कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलने के बाद दहशत फैल गई. पुलिस ने स्कूलों को तुरंत खाली कराया और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी. ये धमकियां स्कूलों को ईमेल से भेजीं गईं थीं.**

मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस और स्पेशल सेल ने जांच शुरू कर दी पर शुरुआती तलाशी में उन्हें कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली. पुलिस टीमें अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि ईमेल कहां से आया था. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम इस मामले को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं. ये धमकियां डीपीएस द्वारका, मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल (सेक्टर 4, द्वारका) और श्रीराम वर्ल्ड स्कूल (सेक्टर 10, द्वारका ) सहित कई स्कूलों को भेजी गईं. स्कूल प्रशासन ने एहतियात के तौर पर अभिभावकों को बच्चों को वापस बुलाने के लिए के लिए संदेश भेजे और उन्हें स्कूल की तरफ से सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने का आश्वासन दिया.

### दिल्ली की कानून व्यवस्था चरमराई : केजरीवाल



> इस बार द्वारका सहित कई अन्य स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली. राजधानी दिल्ली में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां अब आम होती जा रही हैं. मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि चार-चार इंजन की सरकार होने के बावजूद दिल्ली की कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है. सवाल उठता है. क्या बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसी की नहीं? बार-बार धमकियां मिलना और बार-बार कोई ठोस नतीजा ना निकलना, प्रशासन की नाकामी को उजागर करता है.

## एक नजर में



### आग से झुलसने से दो दमकलकर्मियों की मौत

**टोक्यो, 18 अगस्त.** जापान के ओसाका में सोमवार सुबह एक सात मंजिला इमारत में लगी आग को बुझाने के दौरान दो दमकलकर्मियों की झुलसने से मौत हो गयी और अन्य चार घायल हो गए. मीडिया के अनुसार आग लगने की सूचना स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न करीब नौ बजकर 50 मिनट पर मिली. एक इमारत की पहली मंजिल से कई रेस्टोरेंट और अन्य व्यवसाय संचालित होते हैं. राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके के अनुसार घटनास्थल पर लिए गए वीडियो में नदी किनारे स्थित इमारत से घना काला धुआँ और आग की लपटें उठती दिखाई दे रही हैं. इस बीच अग्निशमन अधिकारियों ने आग बुझाने के लिए 51 दमकल गाड़ियां और एक हेलीकॉप्टर भेजा.

### रूस के संयत्र में आग, 20 की मौत 134 घायल

**मॉस्को, 18 अगस्त.** मध्य रूस में रियाज़ान ओब्लास्ट के शिलोव्स्की ज़िले में एक उत्पादन संयंत्र में आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई जबकि 134 अन्य घायल हो गए हैं. क्षेत्रीय परिचालन मुख्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी. एक बयान के मुताबिक मॉस्को समयानुसार सुबह 7 बजे आग में झुलसने के कारण 20 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी थी. घायलों में से 31 का रियाज़ान और मॉस्को के अस्पतालों में इलाज चल रहा है जबकि 103 अन्य का बाह्य रोग उपचार चल रहा है. इस बीच रियाज़ान के गवर्नर पावेल मालकोव ने बताया कि आग शुक्रवार सुबह ज़िले के उत्पादन संयत्र में लगी. दुर्घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी है.

### बिजली गिरने से महिला की मौत, तीन झुलसे

**कांकेर, 18 अगस्त.** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के ग्राम पंचायत पुसवाड़ा में रविवार शाम बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग झुलस गये। घटना जिला मुख्यालय से करीब 10-12 किलोमीटर दूर खेत में काम के दौरान हुई. कांकेर के जिला अस्पताल में तीनों ही घायलों का इलाज जारी है. अस्पताल प्रबंधन ने तीनों की हालत खतरे से बाहर बतायी है. ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत पुसवाड़ा, जो जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामचरण कोर्राम का गृह ग्राम है. वहां खेत में निदाई का कार्य करने गई तीन महिलाएं और पुरुष अचानक तेज बारिश और बादलों की गर्जना से बचने के लिए पास ही एक इमली के पेड़ के नीचे जा पहुंचे. इसी दौरान पेड़ पर बिजली गिर गई. इस हादसे में शकन बाई नेताम, पत्नी स्व. रमित नेताम, गंभीर रूप से घायल हो गई. उन्हें जिला अस्पताल कांकेर ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई.

## भारत-चीन में दूरदर्शी संबंधों की उम्मीद

नईदिल्ली, 18 अगस्त. भारत और चीन के बीच हाल के वर्षों में तनाव भले ही बढ़ा हो, लेकिन कूटनीतिक प्रयास जारी हैं. इसी कड़ी में चीन के विदेश मंत्री वांग यी तीन दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे और विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की. बातचीत में सीमा विवाद से लेकर आतंकवाद तक कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई. दिल्ली में भारत-चीन के बीच सोमवार को प्रतिनिधि स्तर की अहम बातचीत हुई. विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य था सीमा पर तनाव को कम करना है और राजनीतिक विश्वास को दोबारा बहाल करना. वांग यी ने कहा, हम आगे बढ़ सकते हैं.

# वीआईटी के 40वें दीक्षांत समारोह का आयोजन



**तमिलनाडु वेल्लोर, 18 अगस्त. वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) के कुलपति डॉ. जी. विश्वनाथन ने इस बात पर जोर दिया कि 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए शिक्षा का विकास अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने ये बात अपने नेतृत्व में आयोजित वीआईटी के 40वें दीक्षांत समारोह के दौरान कहीं.**

इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश आर. महादेवन उपस्थित थे, जिन्होंने स्नातक छात्रों को उपाधि प्रमाण पत्र प्रदान किए. कुल 8,310 छात्रों को स्नातक उपाधियां, 2,802 को स्नातकोत्तर उपाधियां और 451 को डॉक्टरेट उपाधियां प्रदान की. इसके अतिरिक्त, 203 छात्रों को उनकी रैंकिंग के लिए सम्मानित किया व 68 उत्कृष्ट छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किए. तमिलनाडु पुलिस अकादमी निदेशक डीजीपी संदीप राय राठौर को आपदा प्रबंधन में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई. टाइम्स ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवकुमार सुंदरम ने मुख्य अतिथि के रूप में भाषण दिया. इस कार्यक्रम में, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और जगदीश चंद्र बोस के नाम पर छात्रावासों का उद्घाटन किया. समारोह में वीआईटी के उपाध्यक्ष शंकर विश्वनाथन, शेखर विश्वनाथन, जीवी सेल्वम, ट्रस्टी रमानी बालासुंदरम, कार्यकारी निदेशक संध्या पेंटारेड्डी, सहायक उपाध्यक्ष कधंबरी एस. विश्वनाथन, कुलपति वीएस कंचना भास्करन, सह-कुलपति पार्थ सारथी मलिक और रजिस्ट्रार टी. जयाबरथी सहित अन्य उपस्थित थे.

## आज का इतिहास

| | |
|---|---|
| 1600 | अहमद नगर पर अकबर ने विजय प्राप्त की |
| 1666 | शिवाजी आगरा में फलों की टोकरी में छिपकर औरंगजेब की कैद से फरार। |
| 1757 | ईस्ट इंडिया कंपनी ने पहली बार एक रुपये का सिक्का ढाला। |
| 1796 | ब्रिटेन के खिलाफ स्पेन और फ्रांस ने संधि की। |
| 1907 | हिंदी के प्रसिद्ध निबन्धकार, उपन्यासकार, आलोचक हज़ारी प्रसाद द्विवेदी का जन्म। |
| 1909 | बदरुद्दीन तैयब जी का निधन। |

# एयर इंडिया के विमान को टेकऑफ के बीच में रोका

- कोच्ची से दिल्ली आ रहे विमान में आई खराबी

**नईदिल्ली,18 अगस्त. केरल के कोच्चि हवाई अड्डे पर रविवार रात दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के एक विमान में तकनीकी खराबी आने के कारण टेकऑफ बीच में ही रोकना पड़ा.**

एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि 17 अगस्त को उड़ान संख्या एआई504 में टेकऑफ के चरण में खराबी के कारण टेकऑफ रद्द करना पड़ा जिससे उड़ान में देरी हुई. चालक दल के सदस्यों ने मानक परिचालन प्रक्रियाओं का पालन करते हुये टेकऑफ रोककर विमान को जांच के लिए 'बे' में ले जाने का फैसला किया. प्रवक्ता ने बताया कि बाद में सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारकर दूसरे विमान से दिल्ली भेजा गया.

उसी उड़ान से दिल्ली आ रहे केरल के एर्नाकुलम से कांग्रेस सांसद हिबी इडेन ने एक्स पर बीती रात 1.50 बजे (सोमवार को) लिखा, उड़ान एआई 504 के साथ कुछ असामान्य हुआ. ऐसा लगा कि विमान रनवे पर फिसल गया और उसके बाद अब तक टेकऑफ नहीं हो पाया है. एयर इंडिया ने एआई 504 उड़ान रद्द कर दी है और घोषणा की है कि रात एक बजे एक दूसरी फ्लाइट रवाना होगी.

# आज दुनिया एल्गोरिदम से लड़ रही अदृश्य युद्ध : अदाणी

- 25 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने लक्ष्य

**नईदिल्ली,18 अगस्त. अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोमवार को आईआईटी खड़गपुर के प्लेटिनम जुबिली समारोह में छात्रों को संबोधित किया.**

उन्होंने कहा कि आज दुनिया एक अदृश्य युद्ध लड़ रही है, जहां एल्गोरिदम ही सबसे बड़ा हथियार बन चुका है. अदाणी ने चेताया कि भारत अभी भी 90 फीसदी सेमीकंडक्टर का आयात करता है, ऐसे में किसी भी व्यवधान से हमारी डिजिटल अर्थव्यवस्था ठप हो सकती है. उन्होंने युवाओं को आज का स्वतंत्रता सेनानी बताते हुए कहा कि उनके सामने दो विकल्प हैं विदेश जाकर सुरक्षित नौकरी करना या भारत में रहकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देना.

अदाणी ने कहा कि केवल वही रास्ता सही है जो वेतन नहीं बल्कि विरासत की ओर ले जाता है. उन्होंने भारत को 2050 तक 25 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का आह्वान किया. इस अवसर पर उन्होंने 'आईआईटी प्लेटिनम जुबिली चेंज मेकर्स फेलोशिप' और नवीकरणीय ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स और हवाई अड्डों में लिविंग लेबोरेटरीज स्थापित करने की घोषणा की.

# हैदराबाद में जन्माष्टमी पर हादसे में पांच लोगों की मौत

- रथ पर थे सवार, बिजली तार के संपर्क में आए


**हैदराबाद, 18 अगस्त. तेलंगाना के हैदराबाद शहर के रमंतपुर गोखले नगर में कल रात श्रीकृष्णाष्टमी समारोह के दौरान एक रथ के बिजली तार के संपर्क में आ जाने से पांच लोगों की मौत हो गयी और चार अन्य झुलस गए.**

यह हादसा उस समय हुआ जब यादव संगम समारोह हॉल में आयोजित एक जुलूस में शामिल भगवान कृष्ण की मूर्ति को ले जा रहा रथ वहां ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों के संपर्क में आ गया. इससे बिजली का जोरदार झटका लगने से रथ खींच रहे नौ लोगों में से पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी और चार अन्य गंभीर रूप से झुलस गये. यह रथ समारोह के बाद हॉल में वापस भेजा जा रहा था. मृतकों की पहचान कृष्णा यादव, श्रीकांत रेड्डी, सुरेश यादव, रूद्र विकास और राजेन्द्र रेड्डी के तौर पर हुयी है.

घायलों को पास के ही एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है. पुलिस ने मौके पर पहुँचकर मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है. शव पोस्टमार्टम के लिए गांधी अस्पताल भेज दिये गये हैं.

**चुनाव** | **राजनाथ सिंह जुटे सर्वसम्मति की मुहिम में**

# राधाकृणन को निर्विरोध उपराष्ट्रपति बनाना लक्ष्य



**नई दिल्ली, 18 अगस्त. उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने महाराष्ट्र के राज्यपाल और वरिष्ठ भाजपा नेता सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार घोषित किया है. इसके साथ ही भाजपा और सहयोगी दल उन्हें निर्विरोध निर्वाचित करवाने के लिए राजनीतिक सर्वसम्मति बनाने में जुट गए.**

इस दिशा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को समन्वय की जिम्मेदारी दी गई है. उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, बीजेडी प्रमुख नवीन पटनायक सहित कई नेताओं से संपर्क किया है. उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार को भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक हुई थी, जिसमें पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राधाकृष्णन के नाम की घोषणा की. राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं और कोयंबटूर से दो बार लोकसभा सांसद रह चुके हैं. वाजपेयी सरकार में उन्होंने प्रभावशाली भूमिका निभाई थी.

नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर राधाकृष्णन को समर्थन देने का ऐलान किया और उन्हें योग्य और अनुभवी उम्मीदवार बताया. उपराष्ट्रपति पद के लिए महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद, भाजपा ने उन्हें निर्विरोध चुनवाने की कोशिशें तेज कर दी हैं.

> उधर, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह अच्छी बात है. चुनाव आयोग के अनुसार, उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान 9 सितंबर को होगा और उसी दिन मतगणना भी की जाएगी. नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है, नाम वापसी की आखिरी तारीख 25 अगस्त तय की गई है. इस चुनाव में लोकसभा और राज्यसभा के कुल 788 सांसद वोट डालेंगे. भाजपा की कोशिश है कि राधाकृष्णन को निर्विरोध निर्वाचित कराया जाए.

## मोदी ने निर्मला को जन्मदिन की दी बधाई

**नई दिल्ली 18 अगस्त.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को जन्मदिन की बधाई दी और विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने में उनके योगदान की सराहना की. मोदी ने एक्स पर लिखा, विकासशील एवं आत्मनिर्भर भारत के हमारे सपने को साकार करने में उनके प्रयास महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं. सीतारमण ने श्री मोदी का आभार व्यक्त कर कहा आपका मार्गदर्शन और नेतृत्व प्रेरणादायी बना रहेगा. आज आपकी शुभकामनाएं और आशीर्वाद पाकर मैं गौरवान्वित महसूस कर रही हूं.

# शुभांशु शुक्ला ने की मोदी से मुलाकात

**प्रधानमंत्री ने लगाया गले, उपलब्धि की सराहना भी की**



**नई दिल्ली, 18 अगस्त. अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से हाल ही में लौटे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने सोमवार शाम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की.**

पीएम मोदी ने गले लगाकर शुभांशु शुक्ला का हौसला बढ़ाया. साथ ही उनकी उपलब्धि की सराहना की. इस दौरान शुक्ला ने मोदी को अपनी अंतरिक्ष यात्रा के बारे में जानकारी दी. गौरतलब है कि शुक्ला रविवार सुबह अमेरिका से नयी दिल्ली पहुंचे थे. उनका दिल्ली हवाई अड्डा पर ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत हुआ.

### लोकसभा में शुक्ला की उपलब्धियों पर चर्चा

शुक्ला की करीब एक साल बाद वतन वापसी हुयी है. आईएसएस जाने के लिए उन्होंने लगभग एक साल तक अमेरिका में प्रशिक्षण लिया था. उनके साथ ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर भी भारत लौटे. जिन्हें एक्सिओम-4 मिशन के लिए बैकअप अंतरिक्ष यात्री के तौर पर चुना था. शुक्ला आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय नागरिक हैं .सरकार ने सोमवार को लोकसभा में शुक्ला की उपलब्धियों पर चर्चा का प्रस्ताव रखा. इसका विषय अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत का पहला अंतरिक्ष यात्री-विकसित भारत 2047 के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की भूमिका था.